# सेल–इस्पात इस्को स्टील प्लांट में उत्कर्ष अंतर–विद्यालयीय क्विज प्रतियोगिता के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का आयोजन

**बर्नपुर प्रतिनिधि।** सेल-इस्पात इस्को स्टील प्लांट (SAIL-ISP) में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के तहत उत्कर्ष (UTKARSH) नामक अंतर-विद्यालयीय क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन 14 अक्टूबर 2025 को कॉन्फ्लुएंस सभागार में किया गया। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय है–सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी (Vigilance: Our Shared Responsibility)। यह तीन माह लंबा जागरूकता अभियान 18 अगस्त से 17 नवंबर 2025 तक चल रहा है, जिसका उद्देश्य समाज में नैतिकता, पारदर्शिता, ईमानदारी और सतर्कता के मूल्यों को प्रोत्साहित करना है। इसी कड़ी में आईएसपी सतर्कता विभाग ने विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया।



आसनसोल, बर्नपुर एवं कुल्टी क्षेत्र के 10 विद्यालयों के कुल 48 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन श्री अभिलाष शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक (प्रशिक्षण एवं जनसंपर्क प्रबंधन) और श्री विकास कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (टाउन सर्विसेज) द्वारा अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक ढंग से किया गया। उनके सजीव संचालन ने न केवल प्रतिभागियों को बल्कि दर्शकों को भी पूरे समय रोमांचित बनाए रखा। प्रतियोगिता में बर्नपुर रिवरसाइड स्कूल के सुश्री शिर्वि चट्टराज (कक्षा) एवं श्री भास्वर चट्टराज (कक्षा VIII) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल, आसनसोल के आयुष चौधरी (कक्षा I) एवं अद्रीज दास (कक्षा क) की टीम ने प्रथम उपविजेता का स्थान हासिल किया, जबकि बर्नपुर रिवरसाइड स्कूल के ही निविन कृष्णा (कक्षा क) एवं आकर्ष ठाकुर (कक्षा क) की टीम द्वितीय उपविजेता रही।

कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई श्री जितेन्द्र यादव सापकले, मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ, और श्री अजय कुमार भास्कर, महाप्रबंधक (सतर्कता) ने, जिन्होंने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं एवं सतर्कता और ईमानदारी के मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर श्री सापकले ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में जिज्ञासा, टीमवर्क, और नैतिक मूल्यों के प्रति समझ को सशक्त बनाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

आईएसपी सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित उत्कर्ष क्विज प्रतियोगिता न केवल एक शैक्षणिक आयोजन रहा, बल्कि यह युवाओं के मन में सतर्कता और ईमानदारी के बीज बोने वाला एक प्रेरणादायक प्रयास भी सिद्ध हुआ।